पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में मा0 विधायक खेल प्रतिस्पर्धा–2025 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये

**विगत 11 वर्षों में खेल और खेलकूद की प्रतियोगिता में बहुत परिवर्तन हुए : मुख्यमंत्री**

**खेलकूद सम–विषम परिस्थितियों में हमें शारीरिक, मानसिक रूप से चुस्त, दुरुस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता**

**मा0 विधायक खेल प्रतिस्पर्धा अगली बार नगरीय क्षेत्र में दो स्तर पर आयोजित की जायेगी, जो स्कूल और वॉर्ड स्तर पर होगी**

**वॉर्ड स्तर पर लोगों और जो अवकाश प्राप्त कर चुके हैं, उनके लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी**

**गोरखपुर की सभी संस्थाएं एक–एक खेल को गोद लें, उसमें कुछ सहयोग संस्थाओं का और कुछ सहयोग सरकार द्वारा किया जायेगा**

**गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा, इससे गोरखपुर सहित पूर्वी उ0प्र0 के नौजवानों को खेल और खेलकूद की प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा**

**जब युवा खेलेगा, तभी देश खिलेगा, विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का रास्ता यही से प्रारम्भ होगा**

**मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज उ0प्र0 खिलाड़ियों को बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं उपलब्ध करा रहा : खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**लखनऊ : 29 दिसम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गोरखपुर में वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में मा0 विधायक खेल प्रतिस्पर्धा–2025 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन गोरखपुर विधानसभा शहरी में किया जा रहा है। इस पूरी प्रतियोगिताओं में प्रत्यक्ष रूप में एक हजार खिलाड़ी तथा अप्रत्यक्ष रूप से दस हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर इस आयोजन को एक नई ऊचांई देने का कार्य किया है। खेलकूद सम–विषम परिस्थितियों में हमें शारीरिक, मानसिक रूप से चुस्त, दुरुस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज खिलाड़ियों के उत्साह ने इस भीषण शीत लहर को कम कर दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह प्रतियोगिता अगली बार नगरीय क्षेत्र में दो स्तर पर आयोजित की जायेगी, जो स्कूल और वॉर्ड स्तर पर होगी। विद्यार्थीगण चाहें वह बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा तथा विश्वविद्यालय स्तर के हों, इनकी तीन प्रकार की प्रतियोगिताएं तीन चरणों में आयोजित की जाएंगी। इसमें बालक एवं बालिकाओं के वर्ग में अलग–अलग खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही, वॉर्ड स्तर पर लोगों और जो अवकाश प्राप्त कर चुके हैं, उनके लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पहले वॉर्ड स्तर पर, उसके बाद चार से छः अलग–अलग छोटे–छोटे उप नगर बनाकर उस स्तर पर तथा महानगर स्तर पर इस पूरी प्रतियोगिता को आयोजित किया जायेगा। इन सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों और पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को एक बड़े समारोह में सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार गोरखपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जायेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें कला की विभिन्न प्रकार की विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 13 जनवरी, 2026 को गोरखपुर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में जो प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करेंगे, वहां पर उनको सम्मानित किया जायेगा। विगत 11 वर्षों में खेल और खेलकूद की प्रतियोगिता में बहुत परिवर्तन हुआ है। कबड्डी, हॉकी, बैडमिण्टन तथा एथेलेटिक्स, इन सबके लिए पूरी दुनिया आपको देखती है।

ओलम्पिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैम्पियनशिप की कड़ी प्रतिस्पर्धाओं में हमारे खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन का सकें, इसे ध्यान में रखकर सरकार ने तय किया है कि हर गांव में एक खेल का मैदान होगा, जिसके माध्यम से स्थानीय युवाओं की प्रतिभाओं को निखारा जायेगा। स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में भव्य स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। रीजनल स्टेडियम में 63 करोड़ रुपये की लागत से पक्के स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। गोरखपुर के बेलीपार में अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धाओं को आगे बढ़ाकर गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को खेल और खेलकूद की प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास खण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम तथा जनपद स्तर पर स्टेडियम का निर्माण सरकार द्वारा किया जा रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के नाम पर उत्तर मेरठ में प्रदेश के खेल विश्वविद्यालय का नया सत्र प्रारम्भ हो चुका है। वहां पर विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ खेल विश्वविद्यालय का निर्माण

कार्य चल रहा है। हर कमिश्नरी स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण की भी तैयारी चल रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर की सभी संस्थाएं एक–एक खेल को गोद लें, उसमें कुछ सहयोग संस्थाओं का और कुछ सहयोग सरकार द्वारा किया जायेगा। इसमें अच्छे प्रशिक्षकों को रखा जायेगा, जिससे बच्चों को खेलकूद का एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिलेगा। जब युवा खेलेगा, तभी देश खिलेगा। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का रास्ता यही से प्रारम्भ होगा। क्योंकि जीवन में सफलताओं के जितने भी मार्ग हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही सम्भव हो सकते हैं। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा।

खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश चहुंमुखी विकास की ऊचांइयों को छू रहा है। उत्तर प्रदेश में खेल को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने के लिए प्रतिस्पर्धा कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं को निखारने, तराशने, और तलाशने का कार्य किया जाता है।

मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश खिलाड़ियों को बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। हर दिशा में प्रदेश ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान, विकास खण्डों में मिनी स्टेडियम, जनपद स्तर पर स्टेडियम का निर्माण लगातार किया जा रहा है। कमिश्नरी स्तर पर खिलाड़ियों को हर प्रकार की बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का कार्य कर रही है। खेल कोटा से सभी विभागों में भर्तियां की जा रही हैं।

मत्स्य मंत्री श्री संजय निषाद तथा सांसद श्री रवि किशन शुक्ल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

––––––––––

***PN-CM-Vidhayak Khel Spardha, Gorakhpur -29 December, 2025.doc***